मुल्ला का लगान

कक्षा - आठवीं

विषय – हिंदी (LOWER HINDI)
पाठ : २
पाठ का नाम: मुल्ला का लगान

PPT-1

Website: www.odmegroup.org
Email: info@odmps.org
Toll Free: 1800 120 2316
Sishu Vihar, Infocity Road, Patia, Bhubaneswar- 751024

पाठ प्रवेश

बुद्धिमान से शक्तिशाली और बड़े से बड़े व्यक्ति को भी हराया जा सकता है । इसके लिए ठग और धूर्त कभी मत बनो । जिसके पास बुद्धि है वही बलवान है । अच्छी तरह सोचना बुद्धिमानी है और अच्छी तरह काम को पूरा करना सबसे अच्छी बुद्धिमानी है । पाठ में मुल्ला ने अपनी बुद्धिमानी और समझदारी से अपनी फ़सल का आधा भाग बादशाह के पास जाने से बचा लिया । यदि मनुष्य चाहे तो अपनी समझदारी और चालाकी से बिना किसी से झूठ बोले और फरेब किए ,बिगड़ी बात को बना सकता है।

संबंधित प्रश्न -

१. शक्तिशाली लोगों को कैसे हराया जा सकता है?

२. बुद्धिमानी किसमें है?

३. किसी भी शक्तिशाली व्यक्ति को हराने के लिए किस बात की आवश्यकता नहीं होती है?

४. बिगड़ी बात को किस प्रकार बनाया जा सकता है ?

५. पढ़े - लिखे व्यक्ति को------- और--------- से काम लेना चाहिए ।

सामान्य उद्देश्य -

१.कथा के अर्थ को समझने के लिए छात्रों को तैयार करना ।
२. छात्रों के शब्द भंडार को समृद्ध करना ।
३. शब्दों का सही उच्चारण करना ।
४. छात्रों को नए शब्दों से परिचित कराना ।
५. कहानी प्रस्तुतीकरण की कला सिखाना ।

विशिष्ट उद्देश्य -

१. छात्रों को बुद्धिमत्ता के महत्व के बारे में बताना ।
२. लोककथा के अर्थ समझकर उसे अपने जीवन में उतारना ।
३. बच्चों को सीख देना कि बुद्धिमानी से शक्तिशाली व्यक्ति को भी हराया जा सकता है ।
४. कभी भी किसी से धोखा मत करो ।

पाठ का सार

लोककथा ' मुल्ला का लगान' में मुल्ला से फ़सल का लगान न वसूलने पर बादशाह मौलाना पर नाराज़ होते हैं। मौलाना इस साल का लगान लेने मुल्ला नसीरुद्दीन के पास बादशाह का लिखित आदेश लेकर पहुँचते हैं। यह पूछने पर कि मौलाना ज़मीन के ऊपर की आधी फ़सल लगान के तौर पर लेंगे या नीचे की, मौलाना ज़मीन के ऊपर की फ़सल लेना तय करते हैं। उस साल मुल्ला नसीरुद्दीन ने प्याज बोई थी । अतः मौलाना को कुछ हाथ न लगा । अगले साल फिर मौलाना ने समझदारी दिखाते हुए ज़मीन के नीचे की फ़सल का आधा भाग देने के लिए कहा । इस साल मुल्ला ने गेहूँ बोए थे । अतः इस बार भी मौलाना हाथ मलते रह गए ।

THANKING YOU

ODM EDUCATIONAL GROUP